मनोविज्ञान और निर्देशन विभाग (मनोविज्ञानशाला)

उत्तर प्रदेश, 2 लाउदर रोड, प्रयागराज 211001

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के अधीनस्थ

प्रवेश सत्र 2026–27

डिप्लोमा इन गाइडेन्स साइकोलॉजी (डी0जी0पी0)

डिप्लोमा इन गाइडेन्स साइकोलॉजी (डी0जी0पी0) सत्र 2026–27 पूर्ण सत्रीय (अगस्त से मई तक) के प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा इस कार्यालय में प्राप्त होने की अन्तिम तिथि **05.07.2026** है। इस डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश हेतु शैक्षिक अर्हता तथा अन्य विवरण निम्नवत् है :–

1. कम से कम द्वितीय श्रेणी में एम0ए0 (मनोविज्ञान या शिक्षाशास्त्र) या एम0एड0।
2. 01 जुलाई 2026 को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष है। राजकीय नियमानुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट दी जायेगी।
3. प्रशिक्षण हेतु कोई शिक्षण शुल्क नहीं लिया जाता है।
4. प्रशिक्षण हेतु 15 सीट निर्धारित है।
5. प्रवेश सम्बन्धी सूचना हेतु अभ्यर्थी को अपना मोबाइल नम्बर (व्हाट्सएप) एवं ई–मेल आई0डी0 देना अनिवार्य है।
6. आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से ही स्वीकार किया जायेगा।
7. अपूर्ण, अनिवार्य योग्यता पूर्ण न करने वाले अथवा निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे, जिसके लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।
8. आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक अर्हताओं (अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र), सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निर्गत आरक्षण सम्बन्धित प्रमाण पत्र की छायाप्रतियाँ (राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित/स्वप्रमाणित) एवं दो सक्षम अधिकारियों द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (नवीन प्रारूप जो छः माह के अन्दर का हो) संलग्न करना अनिवार्य है।
9. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार्य होगा।
10. नौकरी करने वाले अभ्यर्थियों को अवैतनिक अवकाश लेना होगा।
11. आवेदन पत्र पर राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो लगाना अनिवार्य है।
12. प्रशिक्षण अवधि में किसी अन्य परीक्षा में बैठने/शोध आदि करने की अनुमति नहीं होगी।
13. किसी प्रकार का नियमोल्लंघन किये जाने पर प्रशिक्षण से निष्कासित कर दिया जायेगा।
14. साक्षात्कार तिथि की सूचना हेतु डाक टिकट लगा हुआ (पंजीकृत डाक हेतु) और अपना पूर्ण एवं स्पष्ट पता लिखा हुआ अतिरिक्त लिफाफा साथ में भेजना अनिवार्य है।
15. डिप्लोमा इन गाइडेन्स साइकोलॉजी (डी0जी0पी0) प्रशिक्षण से सम्बन्धित सूचना **टोल फ्री नं0 1800–180–5311** पर प्राप्त की जा सकती है।

(पी0एन0सिंह)
निदेशक
मनोविज्ञानशाला, उ0प्र0,
प्रयागराज

मनोविज्ञान और निर्देशन विभाग (मनोविज्ञानशाला)

उत्तर प्रदेश, 2 लाउदर रोड, प्रयागराज 211001

प्रवेश सत्र 2026–27

डिप्लोमा इन गाइडेन्स साइकोलॉजी प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र प्रारूप

प्रमाणित फोटो

1. नाम–
2. (अ) पिता/पति का नाम–
   (ब) माता का नाम–
3. जन्म तिथि (शब्दों एवं अंकों में)–
4. **01.07.2026 को आयु–**
5. क्या आप आरक्षित वर्ग (अनु0जाति/अनु0जनजाति/पिछड़े वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के हैं तो उसका उल्लेख करें।
6. पता– (अ) स्थायी...
   ....
   (ब) पत्राचार ....
   ....
7. (अ) मोबाइल नम्बर (व्हाट्सएप) .... (ब) ई–मेल ....
8. शैक्षिक अर्हतायें–

क्र.सं.	परीक्षा का नाम	वर्ष	श्रेणी	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत	परीक्षा संस्था
1	हाई स्कूल						
2	इण्टर						
3	स्नातक						
4	परास्नातक (विषय....................)						
5	एम0एड0						
6	अन्य						

9. वर्तमान व्यवसाय (यदि नौकरी में हों तो सेवायोजक से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न करें)।
10. आरक्षण विवरण (यदि कोई हो) सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें जो राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित/स्वप्रमाणित हो।
11. अन्य प्रमाण पत्र (यदि कोई हो)।
12. चरित्र प्रमाण पत्र– दो सक्षम अधिकारियों का।
13. कुल संलग्नकों की संख्या।

दिनांक :

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर